दिनांक 12.09.2019

Date
DELTA Pg No

## -: पोषण माह :-

उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़डा में प्राचार्य सुबे सिंह के नेतृत्व व एन.एस.एस. यूनिट प्रभारी डा० मीना कुमारी की उपस्थिति में 'पोषण माह' 1 से 30 सितम्बर तक मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट की स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया जिसके अन्तर्गत छात्राओं ने सामूहिक-चर्चा, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मोनिका तृतीय वर्ष की छात्रा प्रथम स्थान व मनिषा द्वितीय वर्ष की छात्रा द्वितीय व वन्दना तृतीय स्थान पर रही। सामुहिक चर्चा में छात्रा अंकिता प्रथम स्थान, नितिका द्वितीय स्थान व छात्रा अनुष्का तृतीय स्थान पर रही।

दैनिक भास्कर चरखी दादरी हिसार, सोमवार 13 जनवरी, 2020 | 04

# ...वयं सेविकाएं लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ें, सफलता जरूर मिलेगी: डॉ. शमशेर सिंह

...न कॉलेज में विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम में उनके जीवन से जुड़े विचारों को किया सांझा

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

...सेविकाओं को जीवन में ...ा उच्च लक्ष्य निर्धारित कर ...न में आगे बढ़ना चाहिए। ...से जीवन में सफलता अवश्य ...गी। इसके अलावा जीवन में ...ा सहनशीलता से कार्य करना ...हिए। ये बात एमडीयू रोहतक ...युवा कल्याण विभाग के सचिव ...शमशेर सिंह अहलावत ने ...कीय महिला महाविद्यालय में ...योजित एनएसएस शिविर में स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हमें सदैव खुश रहते हुए वर्तमान में जीना चाहिए। हमें कभी किसी कार्य में पिछड़ने या या विपरीत परिस्थितियों में घबराने की बजाए उनके निपटारे के लिए सीखने की सोच अपनानी चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए जिन्होंने सीमिति संसाधनों के बावजूद स्वयं की प्रतिभा से राष्ट्र को मजबूत बनाया। उन्होंने स्वयं सेवकों से राष्ट्रहित के प्रति समर्पित सोच अपनाते हुए सकारात्मक मानसिकता के साथ रहने की अपील की। प्राचार्य सूबेसिंह ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण जानकारी सांझा करते हुए छात्राओं को नई सोच व नई उमंग से अध्ययन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीना कुमारी ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं में राष्ट्रहित की भावना जरूरी है। एनएसएस का गठन छात्र जीवन से ही मानवीय विचारधारा से समाज को एकजुट रखने के के लिए किया गया था। प जल बचाओ अभियान, पर्यावरण प्रदूषण पर रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के अलावा लिंगानुपात को मजबूत बनाने के लिए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान संचालित करने के लिए विद्यार्थियों को जागरुकता से कार्यक्रमों का संचालन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करना चाहिए।

चरखी दादरी हिसार, मंगलवार 07 जनवरी, 2020 | 04

## कालेज छात्राओं ने की जेवली स्कूल प्रांगण की सफाई

08/01/2020 दैनिक जागरण

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने गांव जेवली के राजकीय स्कूल के प्रांगण में साफ-सफाई की। कुछ स्वयं सेविकाओं ने अपनी यूनिट के लिए खाना भी बनाया। शिविर के प्रथम दिन प्राथमिक चिकित्सा होम नर्सिंग व प्रो. अनूप सिंह पचाल द्वारा फर्स्ट एड व होम नर्सिंग के बारे में सभी छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने प्राथमिक उपचार की उपयोगिता के बारे में बताया कि हम किसी भी स्थिति में तैयार हो या न हो दूसरों की मदद करके उसकी जान बचा सकते हैं। इस दौरान कार्य प्रभारी डा. मीना कुमारी ने सभी एनएसएस सेविकाओं को कहा कि किसी भी हालात में हम लोगों को प्राथमिक उपचार करके उसकी सहायता कर सकते है और उसकी जान बचा सकते है। चा. बंसीलाल ... भिवानी के एनएसएस...



बाढड़ा कॉलेज में पौधारोपण करतीं छात्राएं और स्टाफ सदस्य।

## एनएसएस यूनिट ने वृक्षारोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट का 7 दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जेवली में प्रारंभ किया गया।

एनएसएस शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार गावा ने किया। उन्होंने छात्राओं को इस सात दिवसीय शिविर की उपयोगिता बताते हुए कहा कि हमें एनएसएस के उद्देश्य, स्वच्छता, जल के महत्व आदि विषयों के बारे में बताया। इस दौरान एनएसएस कार्यप्रभारी डा. मीना ... ने कहा कि स्वयं सेवकों को तथा समाज की जरूरतों को जानने व उनका समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मानव जीवन में रोगमुक्त वातावरण पैदा करता है। हम सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखना चाहिए तथा और लोगों को भी स्वच्छता के बारे में जागरूक करना चाहिए।

एनएसएस के प्रथम दिन की शुरूआत विद्यालय में वृक्षारोपण कर किया गया इस दौरान एनएसएस प्रतिभागियों द्वारा साफ-सफाई की गई। इस दौरान कमेटी बनाकर छात्राओं को अलग-अलग कार्य सौंपे गए। इस अवसर पर प्रो. सूबेसिंह, डा. गरिमा, डा. रितु...

एन. एस. एस. सात दिवसीय शिविर

06.01.2020 — 12.01.2020

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की N.S.S. यूनिट का सात दिवसीय विशेष शिविर 6 जनवरी 2020 से राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेवली में आरम्भ हुआ। इसका शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री दिनेश कुमार गावा जी द्वारा छात्राओं को इन सात दिवसीय विशेष शिविरों की उपयोगिता बताते हुए किया गया। इन्होंने हमें N.S.S. के उद्देश्य, स्वच्छता, जल के महत्त्व आदि विषयों के बारे में भी बताया। N.S.S. कार्यप्रभारी डॉ. मीना कुमारी ने स्वयंसेविकाओं को अनुशासन में रहते हुए दूसरों की तथा समाज की जरूरतों को जानने व उनका समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित किया जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके।

N.S.S. कैम्प के प्रथम दिन की शुरूआत वृक्षारोपण से की गई। विद्यालय में N.S.S. की प्रतिभागियों द्वारा साफ-सफाई की गई। N.S.S. कार्यप्रभारी द्वारा छात्राओं की कमेटियाँ बनाकर अलग-2 कार्य सौंपे गए। N.S.S. की प्रतिभागियों द्वारा इन कार्यों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से वहन किया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने अपने लिए स्वयं खाना बनाया। इस शिविर के दौरान प्रो॰ सूबे सिंह, डॉ॰ गरिमा तथा डॉ॰ रितु आदि स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहें।

N.S.S कैम्प के दूसरे दिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेवली में प्रभु वंदना के साथ शुरू हुई। इसके बाद प्रतिभागियों द्वारा सु-विचार प्रस्तुत किए गए। स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई कर सूखे कचरे को एक गड्ढे में एकत्रित किया तथा कुछ ने स्वयंसेविकाओं के लिए खाना तैयार किया।

उसके बाद फस्टएड होम नर्सिंग लैक्चरर श्री अनूप सिंह पंघाल द्वारा फर्स्ट एड तथा होम नर्सिंग के बारे में स्वयंसेविकाओं को अवगत कराया।

